पंजाब केसरी

**Punjab : मशहूर Showroom में पुलिस की  Raid, लाखों का नकली माल बरामद**




**दोराहा** : दोराहा में कपड़ों के नामवर शो-रूम कश्मीर एपेरल्स पर रेड होने की सूचना है। यह रेड नामी कंपनियों के फील्ड अफसर की तरफ से पुलिस को साथ लेकर की गई। इस रेड में शो-रूम के अंदर से नामी कंपनियों का नकली माल बरामद किया गया। इस माल को महंगे दाम बेचकर ग्राहकों को चूना लगाया जा रहा था, जबकि, यह कंपनी का माल नहीं था। रेड के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान जसप्रीत सिंह निवासी कोटली के तौर पर हुई है। एफआईआर में शो-रूम के मालिक को भी नामजद किया गया है।

दोराहा थाना के एसएचओ राव वरिंदर सिंह ने बताया कि उनके पास राधे श्याम यादव निवासी नई दिल्ली ने शिकायत की थी। राधे श्याम ने खुद को मैस एडिडास एजी एंड मैस लेविस ट्रेवर्स एंड कंपनी का फील्ड अफसर बताया। शिकायत में कहा कि कंपनी ने दोराहा शहर का सर्वे किया तो इस दौरान पाया कि कश्मीर एपेरल्स का मालिक अपनी दुकान पर नकली एडिडास एंड लेविस के टैग लगाकर पैंट्स, शर्टें, जैकेटें, लोअरें आदि कपड़े बेच रहा है। जबकि, यह सारे कपड़े उनकी कंपनी के नहीं हैं। यह जाली सामान है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रेड की और दुकान से भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया। एसएचओ राव वरिंदर सिंह ने कहा कि रेड के दौरान दुकान के मैनेजर जसप्रीत सिंह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। केस में शो रूम के मालिक को नामजद किया गया है। उसे भी थाने बुलाकर पूछताछ करते हुए आगे की बनती कार्रवाई करेंगे। एसएचओ ने आगे बताया कि पुलिस ने  कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 63, 65 के आधार पर केस दर्ज किया है।

Source: [https://m.punjab.punjabkesari.in/punjab/news/punjab-police-raid-a-famous-showroom-2067410](https://m.punjab.punjabkesari.in/punjab/news/punjab-police-raid-a-famous-showroom-2067410)